


## एक नजर में

### पतंगें बिजली लाइनों से दूर उड़ाने की अपील

**राजगढ़ 03 जनवरी, का.** नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार में बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है. प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं. उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके. कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें. इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो.

### शिकायतों पर होगी कार्रवाई

**राजगढ़ 03 जनवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी नगरीय निकायों में पानी की टेस्टिंग प्रति सप्ताह की जाए. तीन दिवस में सभी वाटर सप्लाई प्लांट का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें. दूषित पानी की कही से भी शिकायत न आए यह सुनिश्चित किया जाए. साथ ही जिसमें सभी नगरी निकायों की पाइप लाइनों का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क जियोटेगिंग किया जाए.

# नालियों में लीकेज पाइप की दुरुस्ती हुई शुरू

## नवभारत इम्पैक्ट : कलेक्टर ने लिया संज्ञान, निकायों को पानी टेस्टिंग और साफ पानी सप्लाई के निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/राजगढ़ 03 जनवरी, का. इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से कई लोगों की जान चली जाने की हृदयविदारक घटना के बाद जिले मे भी कई स्थानों पर इसी तरह के हालात होने के चलते जिले को भी सबक लेने की जरुरत शीर्षक से शनिवार को प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया गया इसके बाद जिला प्रशासन ने इसको गंभीरता से लेते हुए पेयजल सप्लाई के माध्यम से शुद्ध पानी आमजन को मिले इस हेतु कार्यवाई शुरु कर दी है.** ब्यावरा में सुबह से ही नपा का अमला निकला और जहां-जहां पाइप लाइन लीकेज या फिर क्षतिग्रस्त हो रही है उसको दुरस्त करने का कार्य शुरु कर दिया गया. विदित है कि नगर में भी कुछ स्थानों पर कई माह से काफी मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी आने की समस्या रही है. इसको लेकर रहवासियों ने अनेक बार नपा के जिम्मेदारों को अवगत कराया गया बावजूद इसके समस्या जस की तस रही. जिला प्रशासन ने इसको गंभीरता से लेते हुए शुद्ध पेयजल सप्लाई को लेकर सख्त दिशा निर्देश दिए.

### लाइनों में पहुंच रहा नाले का पानी

ब्यावरा स्थित राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलज के सामने पंचशील कॉलोनी क्षेत्र में लम्बे समय से मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी की शिकायत रहवासी करते आ रहे है. किंतु इसको गंभीरता से नहीं लिया गया. इंदौर में हुई घटना के बाद नपा प्रशासन का अमला शनिवर की सुबह ही मौके पर पहुंचा और श्रीराधा कष्ण मंदिर के सामने नाले के यहां जेसीबी से व्यापक सफाई की, यहां पर करीब 15 नल कनेक्शन पाइप लाइन से होना पाया गया इनकी लाइन में कई जगह टूटफूट होने से नाले का पानी लाइन में पहुंचकर पेयजल सप्लाई के समय घरों तक पहुंच रहा था.

राजगढ़ रोड पर नाले की व्यापक सफाई करवाई गई यहां से गुजर रही पाइप लाइन में लगभग 15 कनेक्शन अवैध रुप से मिले जिनकी लाइन में टूटफूट होने से गंदा पानी सप्लाई के दौरान पहुंच रहा था. अवैध कनेक्शन को डिसकनेक्ट कर पाइप लाइन को व्यवस्थित कर दिया गया है. शुद्ध और स्वच्छ पेयजल सप्लाई के प्रति नपा पूरी तरह दृढ़ संकल्पित है.

**इकरार अहमद**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद ब्यावरा**

## हम मौत से पहले चेतने के आदी नहीं हैं !

**नवभारत विशेष, ब्यावरा 03 जनवरी,का.** हमारे सिस्टम की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि जब तक समस्या अपने चर्मोत्कर्ष पर नहीं पहुंच जाती किसी के कांनो में जूं नहीं रेंगती है. समस्या को लेकर जब तक उपद्रव नहीं हो जाता, किसी लापरवाही के कारण मौत नहीं हो जाती तब तक उस समस्या को कोई गंभीरता से लेने को तैयार नहीं होता है. इंदौर की घटना इसका ताजा उदाहरण है. इंदौर में दूषित पेयजल से 15 लोगो की दर्दनाक मौत का मामला भी सिस्टम की कमजोरी को दर्शाता है. संबंधित वार्ड के पार्षद, जनता, अन्य जनप्रतिनिधियों ने कई बार नगर निगम के अधिकारियों को दूषित पेयजल की समस्या से लिखित, मौखिक, व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया था. जिम्मेंदार किसी अधिकारी, जनप्रतिनिधि ने उसे गंभीरता से नहीं लिया. इसी दूषित पानी ने 15 लोगों की जान ले ली तो पूरा सिस्टम सक्रिय हो गया. ऐसे ही अगर किसी बस दुर्घटना में बड़ी संख्या में यात्री हताहत हो जाते है तो परिवहन विभाग प्रदेशभर की बसों का फिटनेस टेस्ट, पंजीयन, बीमा की जांच में जुट जाता है. अगर किसी जगह जहरीली कफ सिरप से बच्चों की मौत का आंकड़ा दो दर्जन के करीब पहुंच जाता है तो प्रदेश भर में मेडिकल स्टोर, अस्पतालों की जांच पड़ताल शुरू हो जाती है. अवैध, जहरीली शराब के पीने से अगर मौत के आंकड़े बड़ जाते है तो पुलिस और आबकारी विभाग की सक्रियता देखते ही बनती है. चौरी, डकैती, हत्या, लूट की अगर कहीं कोई बड़ी वारदात होती है तो इसके बाद सभी जगह पुलिस की सक्रियता, चौकन्नापन नजर आने लगता है. अगर देश, प्रदेश में कही कोई बम फटने, मिलने अथवा आतंकवादी हमले की आशंका सामने आती है तो हर सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम नजर आने लग जाते है. कुल मिलाकर जब तक कोई बड़ा हादसा, मौत का तांडव नहीं हो जाता है तब तक किसी की निंद्रा नहीं टूटती है. हम मौत से पहले चेतने के आदि ही नहीं है. हमारा दुर्भाग्य है कि सिस्टम को सक्रिय होने के लिये मौत के आंकड़े चाहिए. मौत भी अगर दो-चार है तो इसका कोई महत्व नहीं है. जब तक दर्जनभर से अधिक लोग अव्यवस्थाओं, लापरवाही, अनदेखी के शिकार नहीं हो जाते है तब तक आपके जीवन की कोई कीमत सिस्टम की नजर में नहीं है. इंदौर हादसे के बाद अब सरकार ने निकायों के लिये पेयजल वितरण को लेकर विशेष निर्देश जारी किये है. इन्हीं निर्देशों के तहत आज जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने भी सख्त रूख अपनाते हुए कई निकायों को सीधे तौर पर हड़का दिया है कि अगर दूषित पेयजल को लेकर कोई शिकायत आती है तो संबंधित सीएमओ, पेयजल प्रभारी को बख्शा नहीं जायेगा. कलेक्टर के निर्देशों के बाद आज नगरपालिका ब्यावरा ने वर्षो से परेशान राजगढ़ रोड़ स्थित पंचशील कॉलोनी वासियों की प्रदूषित पानी की समस्या के निराकरण की दिशा में ठोस प्रयास शुरू किये है. आने वाले दिनों में और जगह भी इस प्रकार की समस्याओं का निराकरण होते हम देखेंगे. समस्याओं का निराकरण स्वागत योग्य है लेकिन इसकी शुरूआत निर्दोषों की बलि लेने के बाद ही होना सिस्टम की संवेदनहीनता को दर्शाता है. यह भी किसी से छुपा नहीं है कि अव्यवस्थों की कीमत गरीब, मजबूर, मजदूर, असहाय वर्ग को ही चुकानी पड़ती है. अगर सिस्टम जनता की समस्याओं के प्रति गंभीरता बरते तो उसे अव्यवस्थाओं के प्रमाण के रूप में समाज के किसी वर्ग की बलि लेते देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी.

### प्रति सप्ताह हो पानी की टेस्टिंग-कलेक्टर

जिला कलेक्टर द्वारा सभी नगरीय निकायों को प्रति सप्ताह पानी की टेस्टिंग किए जाने के आदेश दिए गये है. जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी नगरीय निकायों में पानी की टेस्टिंग प्रति सप्ताह की जाये. तीन दिवस में सभी वाटर सप्लाई प्लांट का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें.

यह सुनिश्चत किया जाये कि कहीं से भी दूषित पानी की शिकायत न आए. नगरीय निकायों की पाइप लाइनों का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क जयोटेगिंग किया जाए. यह भी कहा है कि निकाय जल्द ही सप्लाई प्रभारी एवं सब इंजीनियर सहित पांच-पांच लोगों को वॉटर टेस्टिंग किट का रविवार को जिला स्तर पर पीएचई द्वारा प्रशिक्षण दिया. बैठक में अनुपस्थित रहने पर छापीहेड़ा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड राजगढ़ द्वारा आज 4 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभागार में पेयजल गुणवत्ता परीक्षण कार्यशाला का आयोजन रखा गया है. जिसमें नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने स्त्रोतों की जांच आदि की समीक्षा होगी.

## किशोरियों ने दिखाया जज़्बा आत्मरक्षा प्रभावी प्रस्तुति

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 03 जनवरी, का.** पुलिस विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा कालीपीठ थाना क्षेत्र में चल रहे 18-दिवसीय सृजन कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ. समापन के अवसर पर आयोजित यूएसी निर्अस्त्र आत्मरक्षा अर्थात- बिना हथियार के आत्मरक्षा करना) और पावर-वॉक प्रदर्शन के दौरान किशोरियों ने अपने आत्मविश्वास, अनुशासन और सीख को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया. कालीपीठ के पूर्व सरपंच जगदीश दांगी ने उपस्थित बच्चों की सराहना करते हुए कहा- हमारे क्षेत्र में जो कुरीतियाँ फैल रही हैं, उन्हें हम सब मिलकर समाप्त करेंगे. अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अरविंद राठौड़ ने कहा किशोर-किशोरियाँ अब सीख रहे हैं, समझ रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान सूबेदार मधु रघुवंशी, कुलदीप चंद्रपाल, दीपेन्द्र राजपूत, तथा अहिंसा वेलफेयर सोसायटी से मनीष दांगी, अनिकेत दांगी, भाग्य आदित्य सिंह सहित पूरी टीम ने प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएँ संचालित की. यह आयोजन 15 दिसंबर से प्रारंभ हुआ था, जिसमें 100 से अधिक किशोर-किशोरियों ने सक्रिय भागीदारी की.

कई प्रतिभागियों ने कहा कि उनके क्षेत्र में बाल विवाह अभी भी बड़ी समस्या है, और अब वे इसे रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे. समारोह में ग्राम के पूर्व सरपंच जगदीश दांगी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अरविंद राठौड़, थाना प्रभारी अरुण जाट, ट्रेनर कुलदीप चंद्रपाल, दीपेन्द्र राजपूत, सूबेदार मधु रघुवंशी, अहिंसा

### एमएसएमई योजना से निर्माण इकाई

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 03 जनवरी, का.** एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत ग्राम बैरसिया निवासी श्रीमती श्रद्धा कुमार ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से स्थापित बायोमास ब्रिकेटस निर्माण इकाई की स्थापना की. श्रीमती श्रद्धा कुमार बताती है कि उन्होंने इस परियोजना में लगभग एक करोड़ साठ लाख रूपये का निवेश किया है. साथ ही वह स्थानीय 10 बेरोजगार लोगों को रोजगार उपलब्ध करवा रही है.

## 90 लाख के सामुदायिक भवन का भूमिपूज किया

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 03 जनवरी, का.** मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार ने शनिवार को ग्राम बागोरी एवं तलावली में लगभग 90 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले तीन सामुदायिक भवन एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया. भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पंवार ने कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के कार्यकाल में अभूतपूर्व विकास हुआ है. मंत्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है. इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, जसवंत गुर्जर, मानसिंह, मंडल अध्यक्ष बलवान सिंह, श्याम सिंह चौहान, जयेंद्र गुर्जर, गोपाल बादशाह, सरपंच रमेशचंद्र यादव, आरएन दांगी, आरईएस ईई बसंत कुमार सूर्यवंशी, प्रवीण सिंह भील सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे.

## श्री राम मंदिर से बालकेश्वर महादेव तक निकाली दंडवत यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 03 जनवरी, सं.** गुरुवार को नगर के श्रीराम मंदिर से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्राचीन सिद्ध स्थल बालकेश्वर महादेव मंदिर तक श्रद्धालुओं द्वारा दंडवत यात्रा निकाली गई. यात्रा सुबह 10 बजे डीजे के धार्मिक भजनो के साथ नगर के श्री राम मंदिर से शुरू हुई. जिसमें श्रद्धालु दंडवत करते हुए एवं कुछ पैदल निकले जो दोपहर पश्चात बालकेश्वर महादेव मंदिर



पहुंचें और भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की. इस मौके पर बालकेश्वर महादेव समिति के कृष्णमुरारी पालीवाल, अशोक अग्रवाल, विनोद गुप्ता, विष्णु गुप्ता, संजय अग्रवाल, महेश अग्रवाल बंटी, ओम पालीवाल, स्वप्निल अग्रवाल, पं. उमेश मिश्रा, डॉ सुनील गुप्ता, वैभवराज सिंह राजावत, ऋषभ अग्रवाल, भावेश पालीवाल, आशीष भार्गव, घनश्याम गुप्ता, सोनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, शशि योगेश अग्रवाल, आशू अग्रवाल, श्याम पालीवाल, मनोज शर्मा, संतोष गुप्ता, बंटी पालीवाल, अजब सिंह सेंगर, राजेश अग्रवाल, प्रीतम शीतल पालीवाल, आलोक सोनी, अंशुल अग्रवाल, ऐसू पालीवाल के अलावा श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष मौजूद थे.

### मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत 82 लाख की सहायता स्वीकृत

**राजगढ़ 03 जनवरी, का.** नए वर्ष 01 जनवरी को जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर एक सराहनीय पहल देखने को मिली. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने डीएम लॉगिन पर मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के लिए प्राप्त आवेदनों पर एक साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए हितग्राहियों को बड़ी राहत प्रदान की. कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा 35 आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए ई-पेमेंट ऑर्डर जारी कर त्वरित राशि स्वीकृत कराई गई. इस कार्यवाही में 29 सामान्य मृत्यु प्रकरणों में 58 लाख रुपये, 6 दुर्घटना मृत्यु प्रकरणों में 24 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई. इस प्रकार कुल 82 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता हितग्राहियों के लिए मंजूर की गई. यह पूरी प्रक्रिया श्रम विभाग राजगढ़ के माध्यम से मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत संपन्न की गई.

**आयोजन** ▶ **42 साल पहले एक संत ने शुरू की परंपरा, आज नगर का गौरव बनीं**

## 42 साल पुरानी परंपरा को गौरव के साथ निभाएगा पचोर

**पुरषोत्तम वैष्णव**
**नवभारत न्यूज**

**पचोर 03 जनवरी, सं. नगर की प्रमुख धार्मिक आस्था का प्राचीन विश्वनाथ मंदिर बड़ा शिवालय जहां पर 7 फरवरी 1984 बसंत पंचमी के पवन शुभ मुहूर्त चमत्कारिक संत श्री सीताराम बाबा द्वारा श्री राम चरित्र मानस का पाठ प्रारंभ किया गया था. तभी से यहां पर दो अखंड ज्योति श्री राम भक्त हनुमान जी के समक्ष घी एवं तेल की प्रज्वलित हो रही है. श्री रामचरितमानस एवं अखंड ज्योति के दर्शन से भक्तजनों के पाप-ताप संताप से मुक्ति मिल जाती है तथा यहां आने वाले भक्तों को अपार शांति का अनुभव होता है**

श्री सीताराम बाबा के बारे में किसी को कोई अधिक जानकारी उनके नहीं है लेकिन वह बड़े ही चमत्कारिक संत थे 42 वर्ष पूर्व श्री सीताराम बाबा यहां बाबा बड़ा शिवालय पर पधारे थे वह यहां 2 वर्ष के लगभग रहे इसी दौरान उन्होंने श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ कराया था तत्पश्चात वह यहां से प्रस्थान कर गए वह






कहां गया अभी तक उनका पता नहीं है लेकिन उनके द्वारा शुभारंभ किए गए श्री राम चरित्र मानस पाठ के42 वर्ष पूरे हो गए हैं. आज इन्हीं 42 वर्ष पूर्व की शुरुआत को याद करते हुए नगर परिषद पचोर ने गौरव दिवस के रूप में श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का शोभायात्रा का शुभारंभ किया था प्रतिवर्ष 4 जनवरी को पचोर गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है और श्री राम चरित्र मानस ग्रंथ की शोभायात्रा निकाली जाती है.

श्री रामचरितमानस ग्रंथ की शोभायात्रा श्रद्धा भक्ति के साथ निकाली जाएगी. नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने सभी धर्म प्रेमी नागरिकों नगर वासियों से शोभायात्रा में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है.

### मकराना पत्थरों से सजेगा मंदिर

इसी के साथ-साथ प्राचीन बड़ा शिवालय पर नगर परिषद अध्यक्ष श्री विकास करोड़िया ने मंदिर का नया स्वरूप देने के लिए शिखर के काम का शुभारंभ किया था जिसको उन्होंने 35 लाख रुपए की जन भागीदारी से मंदिर के शिखर को मकराना पत्थर से अंदर एवं बाहर लगाकर नया स्वरूप प्रदान किया है. मकराना पत्थरों को तारास कर मंदिर के गर्भ गृह एवं शिखर में लगाए गए हैं. मकराना पत्थर से मंदिर की सुंदरता दिव्यता एवं भव्यता की निखारा गया है. पहले गर्भ ग्रह के अंदर श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करते समय परेशानी होती थी अब गर्भ ग्रह में आसानी से बैठकर श्रद्धालु भक्तजन बाबा विश्वनाथ का अभिषेक पूजन आनंदपूर्वक कर सकते हैं. बाबा विश्वनाथ के मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जैन श्री रामचरितमानस का पाठ करने एवं बाबा विश्वनाथ के दर्शन पूजन करने के लिए जाते हैं. उनके सुख सुविधा के लिए नगर परिषद द्वारा लगातार निर्माण कार्य किए जा रहे हैं. नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने बताया कि बाबा विश्वनाथ मंदिर पर नगर परिषद द्वारा 28 लाख रुपए की लागत से मंदिर परिसर में भक्त जनों की सुविधा के लिए लाल पत्थर लगाया जा रहे हैं. साथ ही 18 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण चल रहा है. पचोर गौरव दिवस पर श्री राम चरित्र मानस ग्रंथ की शोभा यात्रा श्री राम भक्त हनुमान मंदिर भोजपुरीया से शाम 4 बजे प्रारंभ होगी. शोभा यात्रा का समापन श्रद्धा भक्ति पूजा अर्चना के साथ बड़ा शिवालय पर होगा.

## विद्यार्थियों को मिले कॅरियर मार्गदर्शन के नए आयाम

**राजगढ़ 03 जनवरी, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में क्वांटम तकनीक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को उभरती आधुनिक तकनीकों से परिचित कराते हुए इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर एवं शोध अवसरों की जानकारी प्रदान करना रहा. कार्यशाला की मुख्य वक्ता के रूप में क्वांटम विशेषज्ञ सुश्री पल्लवी सोनी उपस्थित रहीं. उन्होंने अपने व्याख्यान में क्वांटम तकनीक की मूल अवधारणाओं के साथ-साथ क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम कम्युनिकेशन एवं इसके विभिन्न व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि भविष्य में साइबर सुरक्षा, मेडिकल साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में क्वांटम तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होने वाली है.

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वीबी खरे के निर्देशन में संपन्न हुआ. उन्होंने कहा कि क्वांटम तकनीक जैसे समसामयिक विषयों पर इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करती हैं तथा उन्हें भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करती है.